International Women Day 2024

International women day was celebrated on 7th March 2024 by the Women Cell and the Gender Champion Club SVGC Ghumarwin. The objective of the program was to spread awareness about the importance of international Women Day, rights of women, role and importance of Women Cell And Gender Champion Club in an educational institution.

Pictures and Media reports of the program.

जैंडर चैंपियन क्लब
स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय
घुमारवीं
ज़िला बिलासपुर (हि.प्र.)
Happy International Women's Day!
2024

घुमारवीं : महिला दिवस पर आयोजित समागम के वक्ताओं को सम्मानित करते हुए प्रोफैसर राम कृष्ण व समागम में विद्यार्थी बैनर के साथ। *(केशव)*

महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक

घुमारवीं, 7 मार्च (केशव): स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर कर डा. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों में संतुलन होना चाहिए। समाज में सभी लिंगों के लोगों के बीच आपसी स्वीकार्यता, सहयोग और समर्पण से ही यह संतुलन स्थापित हो सकता है। कार्यक्रम में वूमैन सैल की संयोजक प्रो. नीलम शर्मा व प्रो. रीना शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर स्वाति और प्रियंका ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। जैंडर चैंपियन सपना सोनी ने जैंडर चैंपियन क्लब के लिए यू.जी.सी. के दिशा-निर्देश, इसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों और महाविद्यालय स्तर पर जैंडर चैंपियन क्लब और महिला प्रकोष्ठ पर जानकारी दी। कनिका और पूजा ने कविता, जैंडर चैंपियन अमन चौहान ने सोलो एक्ट से रेप पीड़ित महिला के भाई की व्यथा को प्रस्तुत किया। वहीं अमन और अंजना ने पहाड़ी नाटी तथा पूजा ने पहाड़ी गीत प्रस्तुत किया।

घुमारवीं कालेज में महिलाओं को चुनौतियों से पार पाने के लिए किया प्रेरित

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रो. रामकृष्ण ने महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कई कुरीतियों ने महिला को प्रताड़ित किया है, लेकिन आज इन में से कई कुरीतियां खत्म हो गई हैं। फिर भी कुछ नई चुनौतियां है जिनसे पार पाना अभी बाकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और लगन से पढाई कर अपने परिवार और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर कर डा. सुरेश शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में वुमेन सेल की संयोजक प्रो. नीलम शर्मा, प्रो. रीना शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर स्वाति और प्रियंका ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। जेंडर चैंपियन सपना सोनी ने जेंडर चैंपियन क्लब के लिए यूजीसी के दिशानिर्देश, इसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों और महाविद्यालय स्तर पर जेंडर चैंपियन क्लब और महिला प्रकोष्ठ पर जानकारी दी। कनिका और पूजा ने कविता, जेंडर चैंपियन अमन चौहान ने सोलो एक्ट से रेप पीड़ित महिला के भाई की व्यथा को प्रस्तुत किया। अमन और अंजना ने पहाड़ी नाटी तथा पूजा ने पहाड़ी गीत प्रस्तुत किया। सोनिका और प्रियंका ने मंच संचालन किया।

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व अन्य ● जागरण